# Ganesh Chaturthi Assembly







विश्व भारती पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में गणेश जी का आह्वान की धूम
हमारे विद्यालय विश्व भारती पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान गणेश की महिमा पर आधारित एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया,जिसमें यह दर्शाया गया कि गणेश जी को प्रथम पूज्य क्यों माना जाता है?

पौराणिक कथाओं के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गणपति जी ज्ञान, विवेक और विघ्नहर्ता के देवता हैं।
इसके पश्चात छात्राओं ने भावपूर्ण नृत्य वंदना प्रस्तुत की जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। वातावरण 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से गूंज उठा।
कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमती डिंपल पुरी जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व हमें श्रद्धा, एकता का संदेश देता है। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।